भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2598 का उत्तर

रेवती और ताजपुर देहमा को रेलवे स्टेशन का दर्जा

2598. श्री सनातन पांडेय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बलिया-वाराणसी रेल खण्ड पर स्थित रेवती और ताजपुर देहमा को रेलवे स्टेशन का दर्जा प्रदान करने का है, जिसे पहले स्टेशन का दर्जा प्राप्त था और बाद में बदलकर हाल्ट कर दिया गया;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेवती और ताजपुर देहमा ऐसे रेलवे स्टेशन हैं जिन्हें यातायात की आवश्यकता के अनुसार यात्री सुविधाओं और गाड़ियों के ठहराव को कम किए बिना हॉल्ट स्टेशन के रूप में परिवर्तित किया गया था। इसके अतिरिक्त, सुविधाओं का उन्नयन करना एक सतत् प्रक्रिया है जो निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन इस स्टेशन पर संभाले जाने वाले यातायात के स्तर, कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता पर निर्भर करता है।

****

SK